Bareilly, Wednesday,
1 October 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

# दैनिक जागरण

PAGE NO : SECOND FRONT BACK MIDDLE

## प्रो. एसएम वोस, लवली शर्मा को मिलेगा राम मूर्ति प्रतिभा अलंकरण

जासं, बरेली : पीजीआइ चंडीगढ़ के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष सर्जरी प्रोफेसर एसएम बोस, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छत्तीसगढ़ की कुलपति प्रोफेसर लवली शर्मा, संस्था एआरओएच की संस्थापक डा . नीलम गुप्ता और रिस्क एंड कम्प्लायंसेज इंजीनियरिंग सर्विसेज इनफोसिस लिमिटेड के हेड मनीष कुमार को राम मूर्ति प्रतिभा अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। दो अक्टूबर को होने वाले श्रीराम मूर्ति के 37वां स्मृति दिवस समारोह में मेधावियों को छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। यह जानकारी श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने दी। आदित्य मूर्ति ने बताया कि संस्कृति और कला के क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए राममूर्ति प्रतिभा अलंकरण और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कालरशिप दी जाती है। श्रीराम मूर्ति कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के श्रीराम मूर्ति शतिक प्रेक्षागृह में सुबह 11.00 बजे आयोजित होने वाले स्मृति दिवस समारोह में वार्षिक राष्ट्रीय कहानी प्रतियोगिता और वार्षिक अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।